भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 224 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 06 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## विधानसभा में सीएम का दो साल का रिपोर्ट कार्ड पेश

### भजनलाल शर्मा बोले दो वर्षों में पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल से अधिक काम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस का जवाब देते हुए सरकार के दो वर्ष की उपलब्धियों का दस्तावेज सदन के पटल पर रखा। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार ने महज दो वर्षों में पूर्ववर्ती सरकार के पूरे पांच साल से अधिक कार्य किए हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को न केवल स्थिरता दी, बल्कि गति और दिशा भी प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, कृषि, महिला व युवा कल्याण जैसे क्षेत्रों में सरकार ने ठोस परिणाम दिए हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर चलते हुए केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने राजस्थान को विकास की नई रफ्तार दी है। उन्होंने रामजल सेतु परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना और माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसे बड़े कार्यों का उल्लेख किया। सीएम ने बताया कि दो वर्षों में राजस्व घाटे में करीब 8 हजार करोड़ रुपये की कमी आई है, जबकि 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पूंजीगत निवेश सहायता केंद्र से प्राप्त हुई। जल जीवन मिशन के तहत 14 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन मिले हैं और केवल दो साल में लगभग एक लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बढ़ाई गई है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि को डेढ़ गुना किया गया, 2 लाख से अधिक नए कृषि बिजली कनेक्शन जारी हुए और 73 लाख से ज्यादा फसल बीमा पॉलिसियां दी गईं। युवाओं के लिए 1 लाख से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि 1.55 लाख भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। अपराधों में 14.13 प्रतिशत की कमी आने का भी दावा किया गया।

महिलाओं और गरीबों के कल्याण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 करोड़ परिवारों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है, 73 लाख से अधिक नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया है और 'मा योजना' के तहत हजारों करोड़ रुपये का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया गया है। सीएम शर्मा ने कहा कि सरकार हर वर्ष अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखेगी और अगले तीन वर्षों में राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए विकास की गति और तेज की जाएगी।

## चोर नहीं, कबूतर उड़ा ले गया सोना

### डेगाना की ज्वेलरी शॉप से एक लाख की सोने की चेन चोंच में दबा उड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ नागौर।**

सर्राफा बाजार में गुरुवार को ऐसा नज़ारा देखने को मिला, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। नागौर जिले के डेगाना कस्बे में कबूतर ज्वेलरी की दुकान से करीब एक लाख रुपए की सोने की चेन लेकर उड़ गया। कुछ पल के लिए दुकानदारों और कारीगरों की सांसें थम गईं, लेकिन राहत की बात यह रही कि थोड़ी देर बाद चेन सुरक्षित वापस मिल गई।

घटना डेगाना के रामेश्वर प्लाजा स्थित एक ज्वेलरी शॉप की है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे दुकान के ऊपर बने कमरों में कारीगर गहने बनाने में जुटे थे। इसी दौरान बालकनी की खिड़की पर कुछ कबूतर आकर बैठ गए। कारीगरों का ध्यान जैसे ही कुछ पल के लिए भटका, एक कबूतर ने पास रखी सोने की चेन चोंच में दबा ली। गर्दन हिलाते ही चेन कबूतर के गले में फंस गई और वह उड़कर दुकान की छत पर जा बैठा।



कबूतर के गले में चेन

अचानक हुई इस अनोखी चोरी से कारीगर सकते में आ गए। खबर फैलते ही आसपास की दुकानों के व्यापारी भी मौके पर जमा हो गए। कारीगर सामीन बंगाली ने बताया कि सभी लोग कबूतर पर नजर बनाए रहे और कुछ व्यापारी उसे पकड़ने के लिए छत पर भी पहुंचे। कबूतर तो उड़ गया, लेकिन इसी दौरान सोने की चेन छत पर ही गिर गई।

चेन वापस मिलते ही व्यापारियों ने राहत की सांस ली। सर्राफा बाजार के व्यापारियों का कहना है कि सोने की सुरक्षा को लेकर हमेशा सतर्क रहते हैं, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है, जब कोई पक्षी ही सोने की चेन लेकर उड़ गया।

## चारपाई समेत 90 वर्षीय बुजुर्ग को उठा ले गए चोर

### गांव में मचा हड़कंप, जागते ही ग्रामीणों ने बचाई जान, खेत में फेंककर फरार हुए बदमाश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

कोठियां गांव में बुधवार देर रात चोरों की हैरान कर देने वाली वारदात ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। माली मोहल्ले में घर के बाहर बने कमरे में सो रही 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बदमाश चारपाई सहित उठा ले गए। चोर महिला के शरीर पर पहने भारी चांदी के जेवर लूटने की नीयत से आए थे, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों के जाग जाने से उनकी मंशा पूरी नहीं हो सकी। घबराए बदमाश बुजुर्ग को खेत में छोड़कर फरार हो गए।

परिजनों के अनुसार, कोठियां निवासी संजय माली की दादी छोटी देवी माली रोज की तरह कमरे में सो रही थीं। रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच बदमाश घर में दाखिल हुए। उन्होंने बुजुर्ग के हाथ-पैर बांधे और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद चारपाई समेत उन्हें करीब 300 फीट दूर खेत की ओर ले गए। वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने घर के अन्य कमरों की बाहर से कुंडियां भी लगा दीं, ताकि कोई बाहर न निकल सके।





दादी के कमरे से हलचल सुनकर पास के कमरे में सो रही बहू की नींद खुली। जब कमरे में दादी नहीं मिलीं तो परिवार में अफरा-तफरी मच गई। दरवाजे बंद मिलने पर परिजन छत पर चढ़े और शोर मचाया। शोर सुनते ही आसपास के गांव से सौ से अधिक ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तलाश शुरू की गई।

करीब आधे घंटे बाद ग्रामीणों को छोटी देवी पास के गेहूं के खेत में नाली के किनारे पड़ी मिलीं। उनके हाथ-पैर बंधे हुए थे और वे गहरे सदमे में थीं। गनीमत रही कि चोर बुजुर्ग के शरीर पर पहने करीब डेढ़ किलो चांदी के जेवर नहीं ले जा सके।

हालांकि बदमाश कमरे में रखी एक पेटी उठा ले गए, जिसमें सोने का मांदलिया और कानों के चांदी के जेवर रखे थे। बाद में यह पेटी हनुमान मंदिर के पास नहर में मिली, लेकिन गहने गायब थे।

घटना के बाद से छोटी देवी गहरे डर में हैं और ठीक से बोल भी नहीं पा रही हैं। परिजनों ने उन्हें चिकित्सकीय देखरेख में रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि बदमाश सात-आठ खेतों की लोहे की जाल काटकर घर तक पहुंचे थे। इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं।

## कोठारी नदी में मिला नवजात बच्ची का भ्रूण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। आरजिया गांव के पास कोटा बाईपास रोड पर बह रही कोठारी नदी में गुरुवार को एक बच्ची का भ्रूण पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

नदी के पास से गुजर रहे लोगों की नजर जब पानी में पड़े भ्रूण पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से भ्रूण को नदी से बाहर निकलवाया और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि भ्रूण मृत अवस्था में नदी में फेंका गया था या फिर जीवित था।

पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है।

## कोटा में 5 साल की बच्ची की संदिग्ध मौत, मां ने जताई जहर देने की आशंका

### पिता ने बीमारी से मौत बताई, मेडिकल बोर्ड से कराया गया पोस्टमार्टम

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर में एक 5 साल की मासूम बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। पिता ने जहां बच्ची की बीमारी से मौत होने की बात कही है, वहीं मां ने जहर देकर हत्या की आशंका जताई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

घटना रानपुर थाना क्षेत्र के देवनारायण योजना इलाके में रहने वाले जीवराम की 5 साल की बेटी कृष्णा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जीवराम के तीन बच्चे हैं, जिनमें कृष्णा दूसरे नंबर की थी।

परिजनों के अनुसार, जीवराम मजदूरी के सिलसिले में कोटा से बाहर रहते हैं। बच्ची की मां गायत्री का ससुराल में अपनी ननद से अक्सर छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहता था। कुछ दिन पहले भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद 1 फरवरी को गायत्री अपने तीनों बच्चों को घर पर छोड़कर पीहर नसीराबाद (अजमेर) चली गई थी।

4 फरवरी को ससुराल पक्ष ने गायत्री को फोन कर कृष्णा की मौत की सूचना दी। सूचना मिलते ही गायत्री कोटा पहुंची और बेटी की मौत पर संदेह जताते हुए जहर दिए जाने की आशंका जाहिर की। गायत्री का कहना है कि कृष्णा पूरी तरह स्वस्थ थी और अचानक उसकी मौत होना संदिग्ध है।



पिता जीवराम ने पुलिस में रिपोर्ट दी है, जिसमें बेटी के पीलिया बीमारी से पीड़ित होने और उसी कारण मौत होने की बात कही गई है।

रानपुर थाना पुलिस का कहना है कि मां की शिकायत और संदेह को देखते हुए शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वाहनों से बैटरी चोरी की 40 से अधिक वारदातों का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में इलेक्ट्रिक व अन्य वाहनों से लगातार हो रही बैटरी चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए सुभाषनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 से अधिक चोरियों का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की मामले की शुरुआत बीती 1 फरवरी को हुई, जब गायत्री नगर निवासी राहुल कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका टेंपु दारू गोदाम वाली गली में खड़ा था, जिसे स्टार्ट करने पर बैटरी गायब मिली। चोरी गई बैटरी की कीमत करीब 15 से 20 हजार रुपये बताई गई। इस रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, मुखबिर तंत्र और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर संदिग्धों की पहचान की।

लगातार दबिश के बाद पुलिस ने बैटरी चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों विक्रम सिंह उर्फ मोन्टु (35) निवासी कांवा खेड़ा कच्ची बस्ती तथा नरेश उर्फ नन्नु (30) निवासी धोसी मोहल्ला, गांधीनगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा शहर भीलवाड़ा में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित अन्य वाहनों से 40 से अधिक बैटरी चोरी की वारदातों को अंजाम देना सामने आया है।

## मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 18 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 18 महीनों से फरार चल रहे आरोपी अजय सिंह को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इसी प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी थी।

थानाधिकारी स्वागत पाण्डया ने बताया की बीते वर्ष 31 अगस्त को मांगीलाल शर्मा निवासी बिजौलिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी विंध्यवासिनी माताजी मंदिर, के बाहर से बाइक गायब हो गई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद की थी, जबकि फरार चल रहे आरोपी अजय सिंह पिता हनुमान सिंह राजपूत (20) निवासी लाम्बा पीपल, तालेड़ा की तलाश जारी थी। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# श्री पदम प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में श्री पदम प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि सुबह कल्पना सोगानी ने 108 रिद्धि मत्रों का उच्चारण कर श्रावकों ने मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान, शांतिनाथ, पार्श्वनाथ भगवान पर श्रावकों ने बारी-बारी मस्तकाभिषेक किया। राकेश बघेरवाल व विजय सोनी ने पदम प्रभु, विनय कुमार जैन,लक्ष्मीकांत जैन, अशोक पाटोदी व मूलचंद सोनी ने शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ भगवान पर शांतिधारा की। इस उपरांत निर्वाण कांड के पाठ द्वारा पदम प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक का निर्वाण लाडू सामूहिक रूप से श्रावकों ने भक्ति- भाव से चढ़ाया। पूनम चंद सेठी ने बताया कि पदम प्रभु भगवान की पूजा-अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं नेअर्ग समर्पण किये। बधाई गीत के साथ महिलाओं ने नृत्य किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मालुगण उपस्थित थे।

# ऊपरमाल धाकड़ समाज की बैठक : 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**



**नरेश धाकड़।** ऊपरमाल आदर्श धाकड़ समाज के 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक समाज के सभा स्थल पर ऊपरमाल धाकड़ समाज पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं विभिन्न सामाजिक सुधारों को लागू करने पर भी सहमति बनी।

बैठक में बताया गया कि भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ के प्रयासों से वर्ष 1998 में समाज में विवाह समारोहों में होने वाले फिजूल खर्च पर रोक लगाने तथा समाज के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक विकास के उद्देश्य से सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत की गई थी। इस परंपरा को निरंतर जारी रखने का निर्णय समाज द्वारा लिया गया।

गुरुवार को यह बैठक आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ को आजीवन संरक्षक बनाए जाने तथा श्री धाकड़ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा को संयोजक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर समाज सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में थड़ौदा प्रशासक राजेश कुमार धाकड़, समाज पंचायत सचिव शंकरलाल धाकड़, 26वें सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़, पूर्व अध्यक्ष सुगनलाल धाकड़, सोहनलाल धाकड़, अधिवक्ता अनिल कुमार धाकड़, पंकज कुमार धाकड़, लोकेश धाकड़, श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री पप्पूलाल धाकड़, दुर्गेश धाकड़, प्रेमचंद धाकड़, दिनेश धाकड़, ओंकारलाल धाकड़, कजोड़ धाकड़, सुरेश धाकड़, रामफूल धाकड़, बालूराम धाकड़, बबलू धाकड़ मनोज धाकड़ , रामफूल धाकड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# 12 से 14 फरवरी तक निःशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर, भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा, काशीपुरी वकील कॉलोनी महेश समिति एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में निःशुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन 12 से 14 फरवरी तक सुबह 9 बजे से काशीपुरी वकील कॉलोनी स्थित माहेश्वरी भवन, रामधाम के पीछे, भीलवाड़ा में किया जाएगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नूतन कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में लगभग 2000 दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, ट्राइसाइकिल, बैसाखियां, छड़ी, वॉकर, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र एवं कैलिपर्स का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आयुक्त, सभी उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, तहसीलदारों, अधिशासी अधिकारियों, राज्य परिवहन निगम (रोडवेज) के प्रबंधक तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों तक शिविर की जानकारी पहुंचे, ताकि वे इस योजना का लाभ ले सकें।

# भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## नंदोत्सव के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, सजीव झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। रोडवेज बस स्टैंड के पास अग्रवाल उत्सव भवन में स्व. गीतादेवी तोषनीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के चौथे दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रामद्वारा चित्तौड़गढ़ के रामस्नेही संत दिग्विजयरामजी महाराज के सानिध्य में श्रीकृष्ण जन्म नंदोत्सव एवं प्रह्लाद चरित्र प्रसंग का वाचन किया गया। कृष्ण जन्म के अवसर पर पांडाल को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा नंदोत्सव के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। बच्चे, महिलाएं, पुरुष व बुजुर्ग सभी भक्त आनंद और भक्ति में सराबोर रहे। कथा के दौरान संत दिग्विजयरामजी महाराज ने कहा कि मानव जीवन दुर्लभ है और सत्संग सौभाग्य से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में दिमाग ठंडा, जुबान मीठी और हृदय में करुणा हो तो घर स्वर्ग बन सकता है। भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप वध प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति से भगवान हर जगह प्रकट हो सकते हैं। जीवन में भजन और सत्संग को महत्व देने पर बल दिया।

कृष्ण जन्म प्रसंग पर वासुदेव एवं बालकृष्ण की सजीव झांकी तथा हिरण्यकश्यप वध प्रसंग में नृसिंह भगवान, भक्त प्रह्लाद की झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। कथा के दौरान विभिन्न संत-महात्माओं का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। व्यास पीठ की आरती और भागवतजी की आरती श्रद्धालुओं द्वारा की गई। मंच संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। भजनों की रसधारा में श्रद्धालु लगातार झूमते रहे। शुक्रवार को कथा में श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा प्रसंग का वाचन एवं छप्पन भोग का आयोजन होगा।

# 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत क्षेत्रीय समस्याओं का मौके पर किया निरीक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

आमजन की मूलभूत समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा संचालित 'न्याय आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को शाहपुरा क्षेत्र में संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, सड़कों और नालियों से जुड़ी समस्याओं का मौके पर आकलन कर समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए गए।

संयुक्त निरीक्षण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान एवं नगरपालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता शामिल रहीं। अधिकारियों ने गली-मोहल्लों में फैली गंदगी, क्षतिग्रस्त सड़कों तथा नालियों से संबंधित समस्याओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के संकेत दिए।

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका आयुक्त ने नगरपालिका क्षेत्र से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि आमजन को राहत दिलाना और समस्याओं का व्यवहारिक समाधान सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर बार अध्यक्ष आशीष पालीवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा, अधिवक्ता कमलेश मुंडेतियाँ, दीपक पारीक, अंकित शर्मा, चावंड सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। साथ ही पीएलवी अभय गुर्जर एवं तालुका सचिव शिवराज धाकड़ की भी उपस्थिति रही।

# न्यायालय के आदेश पर अशोकनगर नाले से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ हिंडोली।**





लंबे समय से विवाद और किसानों की परेशानी का कारण बने बड़ानयागांव अशोकनगर के नाले पर अवैध अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम उठाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय के 3 फरवरी को जारी आदेश के बाद गुरुवार को भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में नाले को बहाल करने की प्रक्रिया शुरू की गई, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

जानकारी के अनुसार न्यायालय ने पूर्व में जारी अंतरिम अस्थायी निषेधाज्ञा को 3 फरवरी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने पटवारी, तहसीलदार और मौका कमिश्नर की रिपोर्टों का हवाला देते हुए माना कि नाले पर किए गए निर्माण से बरसाती पानी की निकासी बाधित हो रही थी। इससे खेतों व आवासीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन रही थी, जिससे जनहानि और पशुहानि की आशंका बनी हुई थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अब राज्य सरकार द्वारा अतिक्रमण हटाने में कोई कानूनी बाधा नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि नाले पर अवैध कब्जे के कारण हजारों बीघा कृषि भूमि हर वर्ष जलमग्न हो रही थी, जिसकी शिकायतें लगातार प्रशासन को दी जा रही थीं। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कोटा के आदेश के बावजूद स्थगन के कारण कार्रवाई रुकी हुई थी।अब आदेश की पालना में तहसीलदार रतन लाल मीणा, थानाधिकारी मुकेश कुमार यादव, पटवारी सुषमा मेहरा, धनंजय कुमावत, कानूनगो सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जेसीबी की सहायता से नाले की खुदाई शुरू कर दी गई है तथा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्रवाई फिलहाल जारी है।

राजकीय अधिवक्ता भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि किसी एक व्यक्ति के हित में सैकड़ों लोगों का जीवन प्रभावित होना उचित नहीं था।

# 20 बालिकाओं को साइकिलें वितरित




**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** ढ़ोकलिया गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल वितरण की गई । ढोकलिया विद्यालय में कक्षा 9 की 20 बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई । साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि निवृतमान प्रधान करण सिंह बेलवा रहे और अध्यक्षता कैलाश चंद्र तिवारी ने की । इस दौरान उप प्रधान कैलाश चंद्र सुथार व धर्मचंद जीनगर सहित कई लोग मौजूद रहे ।



QUICK BITES

## आकोला विद्यालय में 32 साइकिल वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(रमेश चंद्र डाड)** क़स्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ । संस्था प्रधान मनीषा पारीक ने बताया कि कक्षा 9 की छात्रोंओ को राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत 32 साइकिल वितरण की गई।इस मौके पर आकोला प्रशासक शिवलाल जाट,समाज सेवी चांदमल डाड,सहित विद्यालय स्टॉप मौजूद रहा ।

## कांग्रेस ओबीसी विभाग की ज़िला कार्यकारिणी घोषित, मनोज सैनी बने जिला महामंत्री

**भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।**



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश चेयरमैन हरसहाय यादव के निर्देशानुसार ज़िला कांग्रेस कमेटी बूंदी (ओबीसी विभाग) की ज़िला कार्यकारिणी, ब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों की सूची जारी की गई।

सूची के अनुसार कस्बे में मनोज सैनी, दिनेश सैनी एवं किशन गुर्जर को जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची जारी होने के अवसर पर हिण्डोली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनोज सैनी का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों मनोज सैनी, दिनेश सैनी एवं किशन गुर्जर ने पूर्व खेल मंत्री एवं हिण्डोली विधायक अशोक चांदना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस ज़िला बूंदी के संगठन महासचिव दिनेश शर्मा, पूर्व फुले ब्रिगेड ज़िला महासचिव जितेंद्र सैनी, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शुभम सुवालका, ओम सुवलका, नेमीचंद कुमावत, मनोज मीणा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पानी की मोटर व केबल चोरी का आरोपी अर्जुन गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।**

पुलिस थाना दबलाना की टीम ने ट्यूबवेल से पानी की मोटर व केबल चोरी के मामले में आरोपी अर्जुन पुत्र लालचन्द (27) निवासी शंकरपुरा को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है।

फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस ने तकनीकी व मुखबिरी सूचना के आधार पर कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड लिया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# हसीना बानू ने अंतरराष्ट्रीय हैपकिडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

बीगोद की होनहार महिला खिलाड़ी हसीना बानू ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल राजस्थान, बल्कि भीलवाड़ा जिले और बीगोद क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है।

स्थानीय होनहार महिला खिलाड़ी हसीना बानू पत्नी सद्दीक मंसूरी, निवासी बीगोद ने अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर महासचिव मोहम्मद इरफान शेख, खिलाड़ियों, शुभचिंतकों, परिजनों एवं नगरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे महिला सशक्तिकरण और खेल प्रतिभा की प्रेरक मिसाल बताया।





विदित रहे कि 2 फरवरी को तालकटोरा इनडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में प्रथम इंडिया ओपन अंतरराष्ट्रीय हैपकिडो चैंपियनशिप 2026 का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता भारतीय हैपकिडो महासंघ के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें देश-विदेश से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना, अनुशासन एवं आत्मरक्षा के महत्व को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

इस आयोजन में मोहम्मद इरफान शेख की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। प्रतियोगिता में नेपाल, मुंबई, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात एवं दिल्ली से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय विनायक जोशी, मोहम्मद फेस खान एवं भीलवाड़ा के ओमप्रकाश मल्होत्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने ताइक्वांडो एवं हैपकिडो जैसे आत्मरक्षा और अनुशासन आधारित खेलों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल न केवल शारीरिक मजबूती



प्रदान करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और मानसिक सशक्तता का भी विकास करते हैं।

प्रतियोगिता के सफल समापन पर भारतीय हैपकिडो महासंघ के संस्थापक एवं अध्यक्ष मास्टर जितेंद्र सिंह तथा महासचिव मोहम्मद इरफान शेख ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# विधानसभा में अशोक कोठारी ने उठाया सफाईकर्मियों की भर्ती का मुद्दा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर विधायक अशोक कोठारी ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से प्रदेश में सफाईकर्मियों की लंबित भर्ती एवं वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित स्वच्छ भारत अभियान और कचरा मुक्त भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छता को देश में जन आंदोलन का स्वरूप दिया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर सफाईकर्मियों की कमी के कारण इन अभियानों की भावना पूरी तरह साकार नहीं हो पा रही है।

विधायक कोठारी ने सदन में कहा कि जब कोई व्यक्ति सुबह घर से बाहर निकलता है और सड़कों व नालियों की स्थिति खराब देखता है, तो वह सबसे पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार को दोष देता है, जबकि वास्तविक समस्या सफाईकर्मियों की अपर्याप्त संख्या है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 के बाद से प्रदेश में सफाईकर्मियों की





नियमित भर्ती नहीं हुई है। पिछले वर्ष भर्ती का प्रयास भी अनुभव प्रमाण पत्र जैसी तकनीकी अड़चनों के कारण निरस्त करना पड़ा।

कोठारी ने विशेष रूप से वाल्मीकि समाज का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समाज परंपरागत रूप से सफाई कार्य से जुड़ा रहा है, ऐसे में इस समाज के लोगों से अनुभव प्रमाण पत्र की मांग करना व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब अन्य समाज के लोगों का चयन सफाईकर्मी के रूप में होता है, तो वे प्रायः मूल सफाई कार्य के बजाय अन्य कार्यों में लगाए जाते हैं, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है।

उन्होंने संविदा पर कार्यरत सफाईकर्मियों की स्थिति पर भी चिंता जताई। कोठारी ने कहा कि ये कर्मचारी शोषणपूर्ण परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। उन्हें न तो समुचित मानदेय मिल रहा है और न ही नियमानुसार पीएफ की कटौती हो रही है, जबकि वे सर्दी, गर्मी और बरसात में प्रतिदिन कठिन परिश्रम करते हैं।

विधायक कोठारी ने उदाहरण देते हुए बताया कि केवल भीलवाड़ा शहर में ही लगभग 2300 सफाईकर्मियों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में मात्र 900 सफाईकर्मी कार्यरत हैं। इस भारी कमी के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सफाईकर्मियों की अस्थायी भर्ती तत्काल प्रारंभ की जाए। यदि अनुभव प्रमाण पत्र आवश्यक है, तो चयनित कर्मियों को 2 से 3 वर्ष तक अस्थायी रूप से नियुक्त कर बाद में उनका स्थायीकरण किया जाए। साथ ही मस्टरोल प्रणाली के माध्यम से भर्ती कर भविष्य में नियमितीकरण का मार्ग प्रशस्त किया जाए, ताकि शहरों एवं गांवों में पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मी उपलब्ध हो सकें।

विधायक कोठारी ने कहा कि यदि राज्य सरकार वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान की भावना को धरातल पर उतारना चाहती है, तो सफाईकर्मियों की भर्ती और उनके सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों पर तत्काल ध्यान देना होगा।

# उच्च माध्यमिक बाल विद्या मंदिर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** कस्बे के उच्च माध्यमिक बाल विद्या मंदिर विद्यालय में गुरुवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुलदीप सनाढय ने की। समारोह में मुख्य अतिथि एसीबीईओ कन्हैयालाल शर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में




निलेश सनाढय, सीआई लव तिवारी, शैतान प्रजापत, रमेश गुर्जर, एडवोकेट नरेश तंवर, कपिल विजय एवं बलवंत जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनकी अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश नाथ ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रशासिका आकांक्षा शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के बेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार मोहम्मद फैजान एवं लक्ष्मी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक जाकिर हुसैन द्वारा किया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा में गूंजा नरसिंह अवतार और कृष्ण जन्म का दिव्य प्रसंग, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

केकड़ी क्षेत्र के मेहरू कलां में श्री मद् भागवत कथा के दौरान भक्तिरस और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक रामदास महाराज ने जब भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन किया गया तो पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथावाचक ने नरसिंह अवतार की कथा सुनाते हुए। रामदास महाराज ने बताया कि अधर्म, अहंकार और अत्याचार के विनाश के लिए भगवान ने स्तंभ से प्रकट होकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। हिरण्यकश्यप के वध के साथ यह संदेश दिया गया कि ईश्वर अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं ने 'नरसिंह भगवान की जय' के जयकारे लगाए। इसके बाद कृष्ण जन्म महोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक ने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म



बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। मथुरा की कारागृह में आधी रात को श्रीकृष्ण के जन्म का दृश्य प्रस्तुत होते ही श्रद्धालुओं ने खड़े होकर भजन-कीर्तन किया। नंदोत्सव के अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए, वहीं बाल स्वरूप कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कथा के दौरान कथावाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। इसके श्रवण से मनुष्य के पाप, ताप और संताप दूर होते हैं तथा जीवन में भक्ति, प्रेम और सदाचार का संचार होता है।

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से प्रसाद वितरण किया गया।

# न्याय आपके द्वार अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**मानव तिवाड़ी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार बुधवार को गोविन्दपुरा ग्राम स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में न्याय आपके द्वार अभियान के अंतर्गत लोक उपयोगिता से जुड़ी समस्याओं के सुलभ एवं त्वरित समाधान हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी अंजली नायक ने उपस्थित बच्चों को बिजली, पानी, सड़क, वायु प्रदूषण, लोक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य रक्षा प्रणालियों, आवासीय एवं भू-संपदा संबंधी विषयों तथा आवासीय सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही इन विषयों से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं एवं अधिकारों से अवगत कराया।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार यादव सहित विद्यालय स्टाफ निशा महावर, मीना मालव, प्रेमराज मीणा एवं लगभग 70 विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से बच्चों में विधिक जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

# जेंडर समानता केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी हैः शशि प्रभा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बाल व महिला चेतना समिति तथा डायरेक्ट एक्शन फॉर वूमेन नाऊ के संयुक्त तत्वावधान में मांडल में छात्राओं के लिए लैंगिक भेदभाव एवं जेंडर समानता विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. ज्योति द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं परिचय से हुई। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस विषय की प्रासंगिकता से अवगत कराया। संस्था अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने कहा कि कम उम्र में ही जेंडर से जुड़े मुद्दों को समझना बेहद जरूरी है, ताकि समाज में समानता की सोच को मजबूत किया जा सके। कार्यशाला की मुख्य वक्ता उदयपुर से आई शशि प्रभा ने छात्राओं को दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से जेंडर की अवधारणा को बेहद सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने घर-परिवार में लड़का-लड़की के बीच किए जाने वाले भेदभाव, काम के बंटवारे, शिक्षा और केरियर से जुड़े सामाजिक नजरिए पर विस्तार से चर्चा की। शशि प्रभा ने बताया कि जेंडर समानता केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उनके संवादात्मक अंदाज़ ने छात्राओं को सोचने, सवाल करने और अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज की सचिव टीना गुर्जर ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं से विद्यार्थियो की मुद्दे के प्रति संवेदनशीलता और समझ विकसित होती है। इसके साथ ही उन्होंने भीलवाड़ा में लड़कियों के लिए शॉर्ट स्टे होम की सुविधा न होने पर चिंता जाहिर की और इसकी आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर संस्था की ओर से श्याम लाल, भावना, परमेश सहित महाविद्यालय के स्टाफ व 300 छात्राएं उपस्थित रही।



# जीतो भीलवाड़ा लेडीज विंग द्वारा सूत्र-कनेक्टिंग वुमन, क्रिएटिंग स्ट्रेंथ विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महिलाओं को आपसी सहयोग, नेटवर्किंग और व्यवसायिक अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जीतो लेडीज विंग द्वारा मेंबरशिप ग्रोथ प्रोग्राम के अंतर्गत सूत्र कनेक्टिंग वुमन, क्रिएटिंग स्ट्रेंथ विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन सुखाड़िया सर्किल स्थित चौधरी-डांगी जीतो हाउस पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लेडीज विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य जीतो लेडीज विंग की संरचना, कार्य प्रणाली एवं सदस्यता से मिलने वाले लाभों की जानकारी देना, साथ ही महिलाओं के बीच आपसी जुड़ाव, सहयोग और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि संगठित नेटवर्क के माध्यम से महिलाएं न केवल सामाजिक रूप से बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त बन सकती हैं। लेडीज विंग की चीफ सेक्रेटरी अर्चना पाटौदी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान रितिका पाटनी, श्वेता जैन, निकिता जैन, शीतल पाटनी, चंदा देवी जैन, अनामिका डांगी, ज्योति अजमेरा, प्रिया जैन, नेहा पोखरना सहित नई सदस्याओं का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्हें जीतो के विभिन्न प्रोजेक्ट्स एवं वर्टिकल्स से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शिल्पा रांका ने जीतो बिजनेस नेटवर्क (जेबीएन) के रेफरल सिस्टम की विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं अमित कुमार जैन एवं राहुल छाबड़ा ने अपने व्यवसायिक अनुभव साझा करते हुए जेबीएन प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और इससे मिलने वाले व्यावसायिक लाभों को सरल शब्दों में समझाया। तथा विशेष रूप से जैन महिलाओं को जेबीएन के माध्यम से व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने पर सार्थक चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिलाओं के सतत विकास, आर्थिक मजबूती और सशक्तिकरण के लिए एक साझा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया, जिससे संगठन की गुणवत्ता एवं मूल्य आधारित सदस्यता को बढ़ावा मिला और जीतो की पहुँच का विस्तार हुआ। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन नीतू चोरड़िया, मंत्री अमिता बाबेल, दीप्ति अजमेरा, रजनी सिंघवी, सुमन लोढ़ा, सुनीता जैन, ज्योति पोखरना, निर्मला बुलिया, कविता नाहर, किरण सेठिया, ललिता लोसर, कंचन सेठी, अर्चना संचेती, मधु मेड़तवाल, नीता लोढ़ा, संतोषी बोहरा, स्वीटी नैनावटी, प्रमिला गोखरू, सोनल मेहता, सुमन दुगड़, दिव्या बोरदिया, मंजू झामड, प्रिया जैन, जिमी जैन, सिम्मी पोखरना, चंदा कोठारी, जूली सुरिया, किरण मेहता, नेहा चोरड़िया, कुसुम जैन, संध्या मेहता, अरुणा पोखरना, अंजना सिसोदिया, बसंता मेहता, नीरूपमा जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।



# आम रास्ता खराब होने से ग्रामीण परेशान, दुरुस्त करवाने की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

पडेर फूलनगर क्षेत्र में आम रास्ता क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नेशनल हाईवे 148डी से जामोली की ओर जाने वाले खेतों के रास्ते पर कीचड़ और गड्ढों के कारण दुपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है । इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। बरसात के बाद स्थिति और बिगड़ जाती है, जिससे फिसलन और हादसों की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द रास्ते की मरम्मत कर उसे दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# मादेडा में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हूरड़ा ग्राम के मादेडा में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक के एलडीओ राजाराम बैरवा, क्रिसिल फाउंडेशन के रीजनल मैनेजर रज़ा रहमान व एरिया मैनेजर कृतेश उपस्थित रहे। प्रशासक मैना देवी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों को बचत, बैंकिंग योजनाएं, बीमा, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन एवं धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी गई।

## QUICK BITES

### तेरापंथ युवक परिषद की अनूठी पहल, अब हर माह गूंजेगा 'चमत्कारिक नवकार महामंत्र' का जाप

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

जैन धर्म के मूल आधार और सर्वशक्तिशाली 'नवकार महामंत्र' की महिमा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए नगर स्थित तेरापंथ युवक परिषद द्वारा एक विशेष आध्यात्मिक पहल की शुरुआत की जा रही है। परिषद द्वारा अब प्रत्येक माह के प्रथम और अंतिम रविवार को सामूहिक 'चमत्कारिक नवकार महामंत्र' जाप का आयोजन किया जाएगा।

यह आध्यात्मिक अनुष्ठान शासन श्री साध्वी जसवती आदि ठाणा-4 के पावन सानिध्य में आयोजित होगा। प्रत्येक महीने के प्रथम और अंतिम रविवार को रात्रि 7.30 बजे से 8.30 बजे तक तेरापंथ भवन, गांधी बाजार में आयोजित किया जाएगा ।

### रंणकेश्वर महादेव की ऐतिहासिक मुकुट यात्रा 14 फरवरी को

**भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा ।**

**(गोपाल)** कस्बे में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में विशाल मुकुट यात्रा का आयोजन 14 फरवरी को होगा

यात्रा रडी वाले महादेव से प्रारंभ होकर रणकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी । जिसमें विशेष झांकी प्रदर्शन, बाबा का मुकुट ,संजीव झांकियां ,अघोरी नृत्य ,महाकाल तासा नृत्य सहित 101 हरि बोल प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी । कार्यक्रम के दिन रात्रि विशाल भजन संध्या का भी आयोजन होगा । जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकार लेहरु दास वैष्णव , राजू रावल भजनों की प्रस्तुतियां देंगे ।

### बागेश्वर धाम व काशी विश्वनाथ की साइकिल यात्रा पर निकले पर्यावरण प्रेमी

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**



नेशनल हाईवे-758 स्थित गुरला क्षेत्र के मोमी गांव से दो पर्यावरण प्रेमीयो ने बागेश्वर धाम होते हुए काशी विश्वनाथ तक की साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया। मोमी निवासी शंकर लाल प्रजापत एवं बालू सिंह रावत ने यह साइकिल यात्रा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने और युवाओं को प्रकृति के प्रति जागरूक व प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रारंभ की है। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मोमी गांव के ग्रामीणों ने दोनों पर्यावरण प्रेमियों का माला पहनाकर स्वागत किया तथा हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि यह साइकिल यात्रा विश्व कल्याण एवं पर्यावरण सुरक्षा के संदेश के साथ निकाली जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग प्रदूषण मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व शंकर लाल प्रजापत अयोध्या राम मंदिर तक की साइकिल यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं।

### मेवाड़ा समाज का नववर्ष स्नेह मिलन व मातृशक्ति कार्यकारिणी गठन 12 फरवरी को

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल समाज आम चोखला खेराड़, मेवाड़, आंतरी एवं ऊपरमाल द्वारा समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, सामाजिक सुधार एवं मातृशक्ति की भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से नववर्ष स्नेह मिलन समारोह एवं मातृशक्ति कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 फरवरी को सुबह 9.15 बजे से जोगणियां माता में स्थित मेवाड़ा समाज की धर्मशाला परिसर में आयोजित होगा। आयोजन के दौरान समाज के विकास एवं उत्थान में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सक्रिय सहभागिता को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा मातृशक्ति की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### आरएसएस शताब्दी वर्ष के तहत 8 फरवरी को रेड़वास मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**(सांवर वैष्णव)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में रेड़वास मंडल केंद्र पर 8 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। रेड़वास मंडल में रघुनाथपुरा, गोठड़ा, कानपुरिया, बिरमियास, बलिया खेड़ा एवं सबलपुरा गांव शामिल हैं। आयोजन को लेकर गांवों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। महावीर जाट ने बताया कि 8 फरवरी को सुबह 11 बजे विशाल कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रभातफेरी, अखाड़ा प्रदर्शन एवं आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी। शोभायात्रा रेड़वास गांव स्थित तेजाजी मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न गली-मोहल्लों से गुजरते हुए शिवालय मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। यहां शाम 4 बजे आकोला शिवालय के महंत रामस्नेही दास जी महाराज एवं चित्तौड़गढ़ स्थित सावा राघव गौशाला के राघव नाथ महाराज धर्मसभा को संबोधित करेंगे तथा आशीर्वचन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंडल की टीम द्वारा गांव-गांव एवं घर-घर जाकर पत्रक वितरित कर समाजजनों को आमंत्रित किया जा रहा है। रेड़वास सहित आसपास के गांवों में झंडियां एवं फरिया लगाए जाने से वातावरण पूरी तरह भगवामय हो गया है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।